प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 06.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में वर्ष 2022–23 के लिए माय भारत – राष्ट्रीय सेवा योजना – एनएसएस पुरस्कार प्रदान किये।

राष्ट्रपति ने जिन स्वंयसेवकों को सम्मानित किया उनमें रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के दो स्वंयसेवक भी शामिल हैं। डोरंडा कॉलेज के दिवाकर आनंद और रांची वीमेंस कॉलेज की दीक्षा कुमारी को राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ है।

****

हजारीबाग के बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र एवं स्कूल के रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में आज पासिंग आउट परेड संपन्न हुआ। समारोह में कुल 347 नवआरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग स्थित बीएसएफ मेरु के महानिरीक्षक धीरेंद्र संभाजी कुटे शामिल हुए।

****

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आज प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन चैम्बर भवन में किया गया। कार्यक्रम में ईपीएफओ के रीजनल कमिश्नर राकेश कुमार सिन्हा ने योजना की विस्तृत जानकारी साझा की।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग ने झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 30 अक्टूबर की रात 11 बजकर 45 मिनट तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 6 अक्टूबर तय की गई थी।

****

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी गिरिडीह आने के सौ वर्ष पूरे होने पर जिले में आज पदयात्रा निकाली गयी। इस पदयात्रा कार्यक्रम में गिरिडीह डीसी राम निवास यादव ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 6 अक्टूबर 1925 को महात्मा गांधी स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के लिए गिरिडीह के खरगडीहा आए थे। उन्होंने बताया कि नगर भवन में कल इस कार्यक्रम का समापन होगा।

****

रेल पटरियों की मरम्मत और अन्य कार्यों के कारण चक्रधरपुर रेल मंडल में 11 अक्टूबर से 20 जनवरी 2026 तक 16 यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। दक्षिण–पूर्व रेलवे के डिप्टी चीफ ऑपरेशंस मैनेजर श्रीनिवास सामंत ने इसकी अधिसूचना जारी की है। इससे साउथ बिहार एक्सप्रेस, इतवारी–टाटा एक्सप्रेस, राउरकेला–जगदलपुर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें कैंसिल रहेंगी या इनके रूट में परिवर्तन किया जाएगा। इसके अलावा कई ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन भी किया गया है।

****

सरायकेला खरसावां जिले में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का संचालन प्रभावी तरीके से हो रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित होने वाली 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप के लिए झारखंड की 52 सदस्यीय टीम की घोषणा की गयी है। झारखंड एथलेटटिक्स संघ के सचिव एसके पांडे ने बताया कि खेल निदेशालय झारखंड द्वारा 11 से 21 सितम्बर तक आयोजित विशेष कोचिंग कैंप एवं 22 से 24 सितम्बर तक झारखंड एथलेटिक्स संघ एवं खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के परिणाम एवं इंडिया कैंप के आधार पर एथलीटों का चयन किया गया है।

*******समाप्त********